## महत्वपूर्ण एवं खास

### आरक्षक भर्ती: प्रवेश पत्र जारी अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेज के साथ 8 दिसम्बर को भर्ती केन्द्र क्रमांक 2 रक्षित केन्द्र रायगढ़ में हो सकते है उपस्थित

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़ एवं अध्यक्ष चयन समिति केन्द्र क्रमांक 2 बिलासपुर रेंज ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 2023-24 के अंतर्गत बिलासपुर रेंज में आरक्षक भर्ती 2023-24 परीक्षा केन्द्र क्रमांक-02 रायगढ़ में 16 नवम्बर 2024 से प्रारंभ की गई थी। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भर्ती प्रक्रिया 27 नवम्बर 2024 को आदेश पारित कर भर्ती प्रक्रिया स्थगित की गई थी। माननीय उच्च न्यायालय छ.ग.के पारित अंतिम निर्णयानुसार भर्ती प्रक्रिया पुन: प्रारंभ हो रही है। अभ्यर्थी जिन्हें 8 दिसम्बर 2024 को दस्तावेज जांच, शारीरिक माप तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके है वे 8 दिसम्बर 2024 को भर्ती केन्द्र क्रमांक 02 रक्षित केन्द्र रायगढ़ में निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे। इसी प्रकार क्रमश: पूर्व में जारी प्रवेश पत्र में तिथि अनुसार अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को भर्ती केन्द्र में उपस्थित होंगे। जिन अभ्यर्थियों का 27 नवम्बर से 7 दिसम्बर 2024 तक की भर्ती प्रक्रिया संपन्न होनी थी, उनकी भर्ती परीक्षा तिथि एवं प्रवेश पत्र पृथक से जारी किए जायेंगे।

### जूटमिल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी साहिल भारद्वाज (22) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामला 05 दिसंबर को उस समय सामने आया जब पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी पिछले कुछ दिनों से परेशान थी। पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि साहिल भारद्वाज करीब डेढ़ साल से उसे प्रेमजाल में फंसाकर बातचीत कर रहा था और 03 नवंबर को उसने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। साहिल उसे लगातार परेशान कर पीछा करता था। आवेदन के आधार पर जूटमिल थाना प्रभारी, निरीक्षक मोहन भारद्वाज ने आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 495/2024 धारा 351(2), 65(1), बीएनएस 4 पॉक्सो एक्ट के तहत के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने पीड़िता का बयान और मेडिकल जांच कराई। तत्पश्चात, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई और उसे हिरासत में लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया और न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### चोरी के ब्रेकर मशीन के साथ युवक गिरफ्तार

**सक्ती-रायपुर (आरएनएस)।** यह मामला सक्ती जिले का हैं। जहा साकिन नगझर व्यक्ति एक चन्द्रा केशर उद्योग चलाता है। जिन्होंने शिकायत दर्ज कर अजीत यादव पर आरोप लगाया हैं। दरअसल आरोपी अजीत यादव, जो माइनिंग खनन कार्य के लिए पोकलेन मशीन का ठेका कार्य कर रहा था, उद्योग की पत्थर तोडऩे की ब्रेकर मशीन चोरी कर ली। बरसात के समय खनन कार्य बंद होने पर आरोपी ने अन्यत्र जाने का बहाना बनाकर मशीन चुरा ली। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। आरोपी का पता लगाते हुए टीम ने उसे शहडोल से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, और चोरी की गई मशीन बरामद कर ली गई। मशीन की कीमत कीमत ?8,00,000 बताई जा रही। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अजीत यादव को जेएमएफसी न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### शेयर मार्केट की लत ने बनाया कातिल, परिवार हुआ तबाह

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरबा। कोरबा में पति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों पर सोते समय ब्लेड-पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। फिर उसने खुद पर भी ब्लेड से वार कर जहर खा लिया। हमले में पत्नी की मौत हो गई, जबकि बच्चों और पति की हालत गंभीर है। घटना दर्री थाना क्षेत्र के मोहन टॉकीज के पास की है। बताया जा रहा है कि, मनोज साहू ने कर्ज ले रखा है। शेयर मार्केट में भी लाखों रुपए गवा चुका है। जिसके चलते वो परेशान रहता था। इसी के चलते अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद भी होते रहता था। इसलिए उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात मनोज साहू (42), पत्नी सतरूपा (40), परिधि (07) और काव्या साहू (12) एक साथ खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए थे। शनिवार सुबह करीब 4 बजे मनोज साहू उठा। बेड पर सो रही अपनी पत्नी पर ब्लेड और पत्थर से हमला करने लगा। मां की चीख-पुकार की आवाज सुनकर बच्चियां उठ गई, तो उन पर भी हमला कर दिया। जिससे पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद मनोज ने खुद पर भी ब्लेड चला लिया। जब मौत नहीं हुई तो जहर खा लिया। घटना की जानकारी लगने ही परिजन तीनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज चल रहा है।

# भारत को टीबी मुक्त करने बेहतर कार्ययोजना के साथ करें कार्य -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- टीबी मरीजों को जागरूक करने एवं नियमित दवाई खाने के लिए करें प्रोत्साहित
- कलेक्टर गोयल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, टीबी मरीजों को किया गया फूड बॉस्केट का वितरण

**रायगढ़।**






कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज जिला अस्पताल परिसर से 'निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़' 100 दिवसीय जांच व उपचार अभियान के दौरान लोगों में जागरूकता व टीबी जांच हेतु संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा अभियान के दौरान चिन्हांकित किए गए जोखिम समूहों की टीबी हेतु स्पॉट स्क्रीनिंग की जाएगी। जिससे संदेहास्पद टीबी मरीजों का स्पॉट पर ही टीबी रोग का पता लगाया जा सकेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा ए.आई. तकनीक से हैंड हेल्ड एक्स रे, सी-वाय टीबी जांच व 16 चैनल वाले ट्रूनाट मशीन से टीबी के संभावित मरीजों की तुरंत एक्स-रे द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के तहत यह कार्यक्रम किया जा रहा है। हमें देश को टीबी मुक्त करना है। जिसके लिए हमारे पास पर्याप्त दवाइयां है और हमारा कार्य है इसे आपको नि:शुल्क उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि टीबी डोज का लंबा होता है, कभी छोड़ देते या छूट जाता है, लेकिन आपको दवाईयां नियमित लेना होगी। शासन द्वारा 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के लिए रणनीति बनाई गई है। जिले में 1700 से अधिक टीबी ग्रस्त मरीज है, हमें अन्तिम व्यक्ति को फोकस कर टीबी बीमारी को खत्म करना होगा तभी भारत टीबी मुक्त होगा। उन्होंने टीबी मरीजों से कहा कि टीबी की दवाओं का नियमित रूप से उपयोग करें साथ ही सही पोषण ले।

कलेक्टर गोयल ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जब आजाद हुआ तब हमारी औसत जीवन काल कम थी, लेकिन आज वह बढ़ चुकी है। इसका सबसे बड़ा कारण हमारे देश शासकीय स्वास्थ्य विभाग है। जिसमें डॉक्टर एवं जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान है। स्वास्थ्य विभाग के मितानिन जो ग्रामीण स्तर पर अपनी सेवाएं देती है, उन्होंने पोलियो, हैजा, उल्टी दस्त जैसे विभिन्न बीमारियों को जड़ से खत्म करने में विशेष सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि जब बच्चा पैदा होता है तो बच्चे एवं मां का जीवन बचाने के साथ ही 5 साल तक उनका ध्यान रखना मितानिनों द्वारा बखूबी किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने मितानिनों से कहा कि हमें टीबी को खत्म करने के लिए भी इसी तरह मेहनत करनी होगी। बेहतर कार्य योजना के साथ कार्य करते हुए टीबी के मरीज को जागरुक कर नियमित दवाई खाने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि देश को टीबी मुक्त कर सके।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी, सिविल सर्जन डॉ.दिनेश पटेल, डॉ.एच.एस.उरांव, कार्यक्रम नोडल डॉ. टी.जी.कुलवेदी, डॉ.जयकुमार चौधरी, डीपीएम रंजना पैंकरा, सुरेश गुप्ता, डॉ.पी. के गुप्ता, डॉ अनिल कुशवाहा, डॉ अजय पटेल, जिंदल फाउण्डेशन से रोचक भारद्वाज, रविन्द्र घई सहित शहरी मितानिन समन्वयक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**टीबी मरीजों को किया गया फूड बास्केट का वितरण-** जिंदल फाउण्डेशन पतरापाली रायगढ़ द्वारा टी.बी उपचारत मरीजों को अतिरिक्त पोषण के रूप में 25 हितग्राहियों को फूड बास्केट वितरण किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी उच्च जोखिम वाले समूहों के मरीजों को नियमित दवाई सेवन के साथ ही पौष्टिक आहार लेने को कहा। उन्होंने मितानिनों को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के संदेहास्पद या टीबी ग्रसित, कुष्ठ उन्मूलन हेतु मरीजों को चिन्हांकित कर उनके समुचित उपचार व स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

**चार चरणों में आयोजित होंगे गतिविधियां-** 'निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़' 100 दिवसीय जांच व उपचार अभियान चार चरणों में आयोजित किये जायेंगे। जिसमें प्रथम चरण 07 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 तक प्रचार-प्रसार, जन भागीदारी गतिविधियां, घर-घर सर्वे एवं उच्च जोखिम एवं टी.बी, कुष्ठ , शंकास्पद, वयोवृद्ध व्यक्ति की सूची बनाना। इसी तरह द्वितीय चरण-23 दिसंबर से 28 फरवरी 2025 तक मलेरिया हेतु मापअप गतिविधि एवं फालोअप, एक्स-रे हेतु मोबिलाइजेशन, टीबी सैंपल संग्रहण एवं जांच, तीसरा चरण-1 से 15 मार्च तक स्वास्थ्य शिविर, सहायक उपकरणों की पुष्टि, एवं चतुर्थ चरण-16 से 23 मार्च 2025 तक अंतिम रिर्पोटिंग संकलन करते हुए स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा।

## सुपर-30 के संचालक आनंद कुमार का मोटिवेशनल वीडियो प्रोजेक्टर के द्वारा दिखाया गया कोतरा स्कूल में

**रायगढ़**



बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए 'उत्कर्ष भविष्य की उड़ान' के तहत करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन बीते 3 दिसम्बर को रायगढ़ के रामलीला मैदान में हुआ था। जिसमें सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार विद्यार्थियों को करियर के टिप्स दिए। उक्त कार्यक्रम के प्रसारण को आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगल लाल पटेल की प्रयास से स्कूल के सांस्कृतिक कक्ष में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों को दिखाया गया। सुपर 30 कोचिंग संस्था के संस्थापक आनंद सर का अपनी मेहनत और समर्पण से कई गरीब वंचित छात्रों को आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश दिलवाया। उनके जीवन के संघर्ष से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रसारण में वित्त मंत्री ओपी चौधरी की जीवनी को विद्यार्थियों के साथ साझा किया गया और उनके द्वारा जो प्रसारण में बताया गया सभी विद्यार्थियों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगल लाल पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा अवसर नहीं छोडऩा चाहिए, हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए, जीवन में संघर्ष जरूरी है। यदि आप अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हैं और उस पर लगातार फोकस करेंगे तो निश्चित रूप से आप सबको अपने लक्ष्य की प्राप्ति होगी। सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर टेक्निकल एक्सपर्ट कंप्यूटर टीचर दीप्ति गुप्ता, लीला, एचओडी शांति मिश्रा, रश्मि चौधरी एवं सभी स्कूली स्टाफ उपस्थित रहे।

अग्निवीर भर्ती रैली

## युवाओं ने दिखाया जोश 1036 में से 367 ने की दौड़ पास

- रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में अग्निवीरभर्ती रैली का हो रहा सफल संचालन





**रायगढ़**

रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में आगामी 12 दिसंबर तक चलने वाली अग्निवीर भर्ती रैली में युवा पूरे जोश के साथ शामिल हो रहे है। प्रदेश भर के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की जिलेवार बनाई गई रोस्टर अनुसार युवा शारीरिक दक्षता हेतु अपनी ताकत झोंकते दिखाई दे रहे है। अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन 7 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के 9 जिले कोरिया, दंतेवाड़ा, मोहला मानपुर-अंबागढ़, बस्तर, बलरामपुर, दुर्ग, महासमुंद, बेमेतरा और गौरेला पेंड्रा मरवाही के युवाओं ने अपनी शारीरिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस भर्ती रैली में कुल 1036 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 367 युवाओं ने दौड़ में सफलता प्राप्त की। युवाओं ने प्रतिस्पर्धा में उत्साह, जोश और शारीरिक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन किया। दौड़ पास करने वाले उम्मीदवार अब शारीरिक दक्षता दस्तावेजी प्रक्रिया और मेडिकल परीक्षण के अगले चरण में शामिल होंगे।


जिला प्रशासन रायगढ़ और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त प्रयासों से इस भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। युवाओं में अग्निवीर भर्ती के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा है। उम्मीदवारों के लिए प्रशासन ने नि:शुल्क भोजन और अन्य सुविधाओं का भी प्रबंध किया गया है। जिससे अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने आए युवाओं को काफी राहत मिल रही है। भारतीय सेना में चयन पूरी पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर किया जाता है। प्रशासन ने युवाओं को किसी भी तरह की अफवाह या फर्जी जानकारी से बचने की सलाह दी है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से अन्ना बाई को मिली किराए के घर से मुक्ति

- खुद के घर में मिल रहा सुकून, हो रही बचत

**रायगढ़**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना निम्न वर्ग के लोगों की जीवन को बदलने में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में योजना के बेहतर क्रियान्वयन के फलस्वरुप आज छत्तीसगढ़ के लोगों को योजना का लाभ भी मिल रहा है। जिससे आज कच्चे मकान पक्के मकान में तब्दील हो रहे है और आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के स्वयं के घर का सपना भी पूरा हो रहा है।

ऐसी ही कहानी नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक-42 अमलीभौना निवासी अन्ना बाई की है। वह बताती है कि विधवा है एवं रोजी मजदूरी का कार्य करती है उसके साथ बेटा भी रहता है। बेटे की मजदूरी से जो भी कमाई होती है, उससे उनका गुजर बसर हो पाता है। कमाई से बहुत कम बचत हो पाता था। वे किराये के मकान में रहते थे क्योंकि उनका कच्चे मकान की हालत बहुत जर्जर हो गई थी, जो कभी भी टूटकर गिर सकता था। बारिश के समय वहीं हुआ जिसका उन्हें डर था, मकान टूटकर गिर गया। उनके पास स्वयं की पट्टे की जमीन होने के बाद भी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से पक्का मकान बनाना क्या सोचना भी मुश्किल था।

जिससे माँ-बेटा पड़ोस के ही मकान में किराये में रहते थे। इसी दौरान मुनादी के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने नगर निगम में आवेदन जमा किया एवं स्वीकृति मिलने के पश्चात् 29 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पक्का मकान बनाने का कार्य शुरू किए। योजना के तहत 4 किश्तों में 2 लाख 26 हजार की राशि प्राप्त हुई। जिसमें उन्होंने अपनी बचत के रूपये लगाकर अपना स्वयं का घर का सपना पूरा किया। अन्ना बाई कहती है पहले किराये के मकान में रहने से समय पर किराया देना पड़ता था, जिससे बचत भी नहीं हो पाती थी। लेकिन आज प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से खुद का पक्का मकान बनने से किराये की झंझट से मुक्ति मिली और अच्छी खासी बचत भी कर पा रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका पक्का मकान बना और स्वयं के घर में सुकून के साथ रह पा रही है।

## मुख्यमंत्री साय की पहल पर स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ में पीजी के दो नये कोर्स को शासन ने दी मंजूरी

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णदेव साय राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और युवाओं के लिए राज्य में ही मेडिकल शिक्षा की सुविधा को लेकर काफी संवेदनशील है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्व.श्री लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के 02 नये कोर्स प्रसुति एवं स्त्रीरोग विभाग हेतु 04 सीट एवं चर्मरोग विभाग हेतु 04 सीट की मंजूरी दी है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य शासन के द्वारा नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दिए जाने पर सीटों में वृद्धि से मेडिकल के छात्रों को लाभ मिलेगा। राज्य में ही पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश की संभावना बढऩे से छात्रों को राज्य में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की तरफ से स्व.लखीराम अग्रवाल मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के 02 नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की मंजूरी दी गयी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस आशय का इशेंसियेलिटी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है। नए कोर्स में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के लिए 04 सीट एवं चर्म एवं रजित रोग विभाग के लिए 04 सीट पीजी हेतु अनुमति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व भी जनरल सर्जरी के 07, एमडी पीडियाट्रिक्स से 04 और जनरल मेडिसीन के 05 की अनुमति प्रदान की गई थी।

## परीक्षा की तैयारी युद्धस्तर पर कराएं, 90 प्रतिशत का परिणाम का रखें लक्ष्य-उप संचालक अशोक बंजारा

- सभी सीएसी अपने स्कूलों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये करें मेहनत

**रायगढ़**






प्राचार्य अपने स्कूल के कार्यपालक, प्रबंधक और प्रेरक बनें, साथ ही अपने स्कूल के विकास लिये शैक्षिक, गुणवत्ता विकास के लिये अलग-अलग प्लान बनाकर अपने स्कूल में लागू करें, उक्त बातें शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में लोक शिक्षण संचालनालय के उपसंचालक अशोक बंजारा ने कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आयोजित प्राचार्यों की बैठक में कही।

बैठक में उन्होंने कहा कि कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं सभी बच्चों को अनिवार्यता ब्लू प्रिंट की जानकारी दें, बच्चों को स्कूलों में ब्लू प्रिंट के आधार पर ही वार्षिक परीक्षा की तैयारी करायें। कमजोर बच्चों को चिन्हांकन करते हुए उनके लिए अतिरिक्त क्लास लगाकर अध्यापन पूर्ण करायें। बच्चों को घर में अपने से स्वाध्याय कर लेखन कार्य करने को कहें। सभी स्कूल अपने कक्षा 10 वीं और 12 वीं का वर्ष 2025 की वार्षिक परीक्षा परिणाम का लक्ष्य 90 प्रतिशत रखें। बच्चों को अपने स्कूल के उपलब्ध संसाधन का उपयोग कर अध्यापन कार्य करायें। बच्चों को पिछले वर्ष 2024 के प्रश्नों को छोड़कर पिछले 05 साल के प्रश्न पत्र को हल अनिवार्यता करायें। बच्चों को पढ़ाने के पहले शिक्षक पढ़ाये जाने वाले विषय का पहले स्वाध्याय कर ही कक्षा में जायें। बच्चों को केवल परीक्षा पास करना नहीं बल्कि बेहतर भविष्य का निर्माण कर सके ऐसा पढ़ाना चाहिये। बच्चों का चयन करें जो मेरिट में ज्यादा से ज्यादा बच्चे आ सके इसके लिये सभी प्राचार्य प्रयास करें इन बच्चों को अतिरिक्त समय में मार्गदर्शन दें। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे बच्चे के उनकी क्षमता एवं मनोवैज्ञानिक दशा कार्यक्षमता को समझते हुए शिक्षकों को कार्य सौंपने को कहा। इसके पहले संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक में उन्होंने सभी को अपने अधीनस्थ सभी शालाओं को सतत निरीक्षण कर बच्चों के गुणवत्ता विकास पर ध्यान देने को कहा। बैठक के दौरान उपसंचालक बंजारा ने परीक्षा परिणाम सुधार के साथ स्कूल प्रबंधन पर सारगर्भित बात रखते हुए सभी प्राचार्य और सीएसी को शुभकामनाएं दी।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, वर्षा शर्मा, सहायक संचालक, तरसिला एक्का सहायक संचालक, भुवनेश्वर पटेल एपीसी, भूपेंद्र पटेल एपीसी, आलोक स्वर्णकार एडीपीओ, शैलेन्द्र करन छात्रवृत्ति प्रभारी, बीईओ दिनेश पटेल, धनाराम जाटवर, मोनिका गुप्ता, शैलेश कुमार देवांगन, रविशंकर सारथी, एबीईओ मनीष सिन्हा, द्वारिका पटेल, अनिल साहू, उत्तरा भारद्वाज, बीआरसी मनोज अग्रवाल, प्रदीप साहू, जय प्रकाश साहू, सुंदरमणि कोंध, मनोज साहू, शैलेंद्र मिश्रा, अरविंद राजपुत के साथ समस्त शालाओं के प्राचार्य और समस्त संकुलों के सीएसी उपस्थित रहें।।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480